# CHAPTER - 9

# घर, पेड़ और तारे की याद (लोककथा) – मंगलेश डबराल:

---

- **लगभग दो सौ साल पहले फिनलैंड में हुए भीषण युद्ध ने सब कुछ तबाह कर दिया; शहर जल गए और फसलें बर्बाद हो गईं।** ഏകദേശം ഇരുനൂറ് വർഷം മുമ്പ് ഫിൻലാൻഡിലുണ്ടായ കഠിനമായ യുദ്ധം എല്ലാം നശിപ്പിച്ചു; നഗരങ്ങൾ കത്തിക്കപ്പെട്ടു, കൃഷിയിടങ്ങൾ നശിച്ചു.
- **इस अफरा-तफरी में आठ साल का भाई और छह साल की बहन अपने परिवार से बिछड़ गए और एक अनजान देश जा पहुँचे।** ഈ തിരക്കിനിടയിൽ എട്ടു വയസ്സുള്ള സഹോദരനും ആറു വയസ്സുള്ള സഹോദരിയും കുടുംബത്തിൽ നിന്ന് വേർപിരിയുകയും ഒരു അന്യരാജ്യത്ത് എത്തിപ്പെടുകയും ചെയ്തു.

- **भले ही उन्हें वहां अच्छे अभिभावक मिले, लेकिन उन्हें अपने घर के आँगन में खड़े सनोबर के पेड़ की बहुत याद आती थी।** അവിടെ അവർക്ക് നല്ല സംരക്ഷകർ ലഭിച്ചുവെങ്കിലും, സ്വന്തം വീടിന്റെ മുറ്റത്ത് നിന്നിരുന്ന സനോബർ മരത്തെ അവർ വല്ലാതെ മിസ്സ് ചെയ്തിരുന്നു.
- **उन्हें याद था कि उस पेड़ पर रोज़ सुबह दो पक्षी गाते थे और रात को शाखाओं के बीच एक तारा चमकता था।** ആ മരത്തിൽ എന്നും രാവിലെ രണ്ട് പക്ഷികൾ പാടുമായിരുന്നെന്നും രാത്രിയിൽ മരക്കൊമ്പുകൾക്കിടയിൽ ഒരു നക്ഷത്രം തിളങ്ങുമായിരുന്നെന്നും അവർ ഓർത്തു.

- **जब फिनलैंड में शांति की खबर आई, तो बच्चों ने घर लौटने की अनुमति माँगी, पर अभिभावकों ने उन्हें रास्ते के खतरों और वहाँ की गरीबी के बारे में चेतावनी दी।** ഫിൻലാൻഡിൽ സമാധാനം വന്ന വാർത്ത അറിഞ്ഞപ്പോൾ കുട്ടികൾ മടങ്ങാൻ അനുവാദം ചോദിച്ചു, എന്നാൽ ദൂരക്കൂടുതലിനെക്കുറിച്ചും അവിടുത്തെ ദാരിദ്ര്യത്തെക്കുറിച്ചും പറഞ്ഞ് സംരക്ഷകർ അവരെ വിലക്കി.
- **पर बच्चों का संकल्प दृढ़ था; उन्होंने कहा कि वे किसी भी तरह अपने माता-पिता के पास पहुँच जाएँगे।** എന്നാൽ കുട്ടികളുടെ തീരുമാനം ഉറച്ചതായിരുന്നു; തങ്ങൾ എങ്ങനെയെങ്കിലും മാതാപിതാക്കളുടെ അടുത്തെത്തുമെന്ന് അവർ പറഞ്ഞു.

- **एक रात वे चुपके से निकल पड़े। रास्ते में दो छोटे पक्षियों ने उन्हें दिशा दिखाई और उनके साथ-साथ उड़ते रहे।** ഒരു രാത്രിയിൽ അവർ രഹസ്യമായി യാത്ര തിരിച്ചു. വഴിയിൽ രണ്ട് ചെറിയ പക്ഷികൾ അവർക്ക് ദിശ കാണിച്ചുകൊടുക്കുകയും അവരോടൊപ്പം പറക്കുകയും ചെയ്തു.
- **भूख लगने पर उन्होंने जंगली फल खाए और प्यास बुझाने के लिए झरनों का पानी पिया।** വിശന്നപ്പോൾ അവർ കാട്ടുപഴങ്ങൾ കഴിച്ചു, ദാഹം തീർക്കാൻ അരുവികളിലെ വെള്ളം കുടിച്ചു.
- **भाई ने हिम्मत नहीं हारी और पहाड़ों, नदियों तथा झीलों को पार करने में अपनी बहन की मदद की।** സഹോദരൻ ധൈര്യം കൈവിടാതെ മലകളും പുഴകളും തടാകങ്ങളും കടക്കാൻ തന്റെ സഹോദരിയെ സഹായിച്ചു.

- **चलते-चलते उन्होंने एक लड़की को अपनी मातृभाषा में बात करते सुना, जिससे उन्हें एहसास हुआ कि वे अपने देश पहुँच गए हैं।** യാത്രയ്ക്കിടയിൽ ഒരു പെൺകുട്ടി തങ്ങളുടെ മാതൃഭാഷയിൽ സംസാരിക്കുന്നത് കേട്ടപ്പോൾ അവർ സ്വന്തം നാട്ടിൽ എത്തിയെന്ന് അവർക്ക് മനസ്സിലായി.
- **वहाँ के लोगों ने उन्हें सहानुभूति दी और रहने-खाने की जगह प्रदान की।** അവിടുത്തെ ആളുകൾ അവർക്ക് സഹതാപവും താമസിക്കാനും കഴിക്കാനും ഇടവും നൽകി.

- **अंत में, सनोबर के पेड़ और चमकते तारे को देखकर भाई-बहन की आँखों में खुशी के आँसू आ गए।** ഒടുവിൽ, സനോബർ മരവും തിളങ്ങുന്ന നക്ഷത്രവും കണ്ടപ്പോൾ സഹോദരന്റെയും സഹോദരിയുടെയും കണ്ണുകളിൽ സന്തോഷാശ്രുക്കൾ നിറഞ്ഞു.
- **घर के अंदर उनके बूढ़े माता-पिता दुखी बैठे थे, जिन्हें अपने बच्चों के मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी.** വീടിനുള്ളിൽ അവരുടെ വൃദ്ധരായ മാതാപിതാക്കൾ സങ്കടപ്പെട്ടിരിക്കുകയായിരുന്നു, കുട്ടികളെ തിരിച്ചു കിട്ടുമെന്ന് അവർക്ക് യാതൊരു പ്രതീക്ഷയുമുണ്ടായിരുന്നില്ല.
- **जब बच्चों ने उन्हें गले लगाया और अपनी पहचान बताई, तो पूरे परिवार का मिलन हुआ और उनकी भटकन खत्म हो गई.** കുട്ടികൾ അവരെ കെട്ടിപ്പിടിച്ച് തങ്ങൾ ആരാണെന്ന് പറഞ്ഞപ്പോൾ, ആ കുടുംബം ഒന്നാവുകയും അവരുടെ അലച്ചിൽ അവസാനിക്കുകയും ചെയ്തു

| | |
|---|---|
| नुकसान — നഷ്ടം | शांति — സമാധാനം |
| सीमा — അതിർത്തി | गरीबी — ദാരിദ്ര്യം |
| शहर — നഗരം | इजाज़त — അതിർത്തി |
| फ़सल — കൃഷി / വിള | रास्ता — വഴി |
| नष्ट होना — നശിച്ചുപോകുക | मंज़िल — ലക്ഷ്യം |
| मज़बूर — നിർബന്ധിതരാകുക | तलाश — അന്വേഷണം |
| बिछुड़ना — വേർപിരിയുക | दिशा — ദിശ |
| याद — ഓർമ്മ | झरना — അരുവി / നീരുറവ |
| आँगन — മുറ്റം | प्यास — ദാഹം |
| सनोबर — പൈൻ മരം | हिम्मत — ധൈര്യം |
| चिड़िया — പക്ഷി | इंतज़ार — കാത്തിരിപ്പ് |
| शाखा — മരക്കൊമ്പ് | खुशी — സന്തോഷം |
| तारा — നക്ഷത്രം | आँसू — കണ്ണുനീർ |
| चमकना — തിളങ്ങുക | बूढ़े — വൃദ്ധരായവർ |

1. **युद्ध में फिनलैंड को क्या-क्या नुकसान हुए**? യുദ്ധത്തിൽ ഫിൻലാൻഡിന് എന്തെല്ലാം നഷ്ടങ്ങളാണ് ഉണ്ടായത്?
**उत्तर**: शहरों को जला दिया गया, फ़सलें नष्ट हो गईं और हज़ारों लोग मारे गए। (നഗരങ്ങൾ ചുട്ടെരിക്കപ്പെട്ടു, കൃഷി നശിച്ചു, ആയിരക്കണക്കിന് ആളുകൾ കൊല്ലപ്പെട്ടു.)

2. **भाई और बहन की उम्र क्या थी**? സഹോദരന്റെയും സഹോദരിയുടെയും പ്രായം എത്രയായിരുന്നു?
**उत्तर**: भाई आठ साल का और बहन छह साल की थी। (സഹോദരന് എട്ട് വയസ്സും സഹോദരിക്ക് ആറ് വയസ്സുമായിരുന്നു.)

3. **बच्चों को वापस लौटने से रोकने के लिए अभिभावकों ने क्या कहा**? തിരിച്ചുപോകുന്നതിൽ നിന്ന് കുട്ടികളെ തടയാൻ സംരക്ഷകർ എന്താണ് പറഞ്ഞത്?
**उत्तर**: रास्ता बहुत दूर है और वहाँ बहुत गरीबी है। (വഴി വളരെ ദൂരെയാണെന്നും അവിടെ വലിയ ദാരിദ്ര്യമാണെന്നും പറഞ്ഞു.)

4. **बच्चों ने खाने-पीने के लिए क्या किया**? ഭക്ഷണത്തിനും വെള്ളത്തിനുമായി കുട്ടികൾ എന്താണ് ചെയ്തത്?
**उत्तर**: उन्होंने जंगली फल खाए और झरनों का पानी पिया। (അവർ കാട്ടുപഴങ്ങൾ കഴിക്കുകയും അരുവികളിലെ വെള്ളം കുടിക്കുകയും ചെയ്തു.)

5. **घर के आँगन में कौन-सा पेड़ खड़ा था**? വീടിന്റെ മുറ്റത്ത് നിന്നിരുന്ന മരം ഏതായിരുന്നു?
**उत्तर**: सनोबर का पेड़। (സനോബർ മരം.)

6. **पेड़ पर रोज़ सुबह कौन गाता था**? മരത്തിൽ ദിവസവും രാവിലെ ആരാണ് പാടിയിരുന്നത്?
**उत्तर**: दो छोटी चिड़ियाँ। (രണ്ട് ചെറിയ പക്ഷികൾ.)

7. **पेड़ की शाखाओं के बीच रात को क्या चमकता था**? രാത്രിയിൽ മരക്കൊമ്പുകൾക്കിടയിൽ എന്താണ് തിളങ്ങിയിരുന്നത്?
**उत्तर**: एक चमकीला तारा। (തിളക്കമുള്ള ഒരു നക്ഷത്രം.)

8. **यात्रा के दौरान बच्चों ने किस दिशा को चुना**? യാത്രയ്ക്കിടയിൽ കുട്ടികൾ ഏത് ദിശയാണ് തിരഞ്ഞെടുത്തത്?
**उत्तर**: उत्तर-पश्चिम दिशा। (വടക്ക്-പടിഞ്ഞാറ് ദിശ.)

9. **रास्ते में बच्चों को सही रास्ता किसने दिखाया**? വഴിയിൽ കുട്ടികൾക്ക് ശരിയായ വഴി കാണിച്ചുകൊടുത്തത് ആര്?
**उत्तर**: दो पक्षियों ने। (രണ്ട് പക്ഷികൾ.)

10. **"वही भाषा बोल रही है जो हमारे माता-पिता बोलते थे" - यह किसने कहा**? "നമ്മുടെ മാതാപിതാക്കൾ സംസാരിച്ചിരുന്ന അതേ ഭാഷയാണ് ഇവർ സംസാരിക്കുന്നത്" - ഇത് ആര് പറഞ്ഞു?

**उत्तर**: भाई ने अपनी बहन से कहा। (സഹോദരൻ സഹോദരിയോട് പറഞ്ഞു.)

11. **लड़की की भाषा सुनकर भाई को क्या विश्वास हुआ**? പെൺകുട്ടിയുടെ ഭാഷ കേട്ടപ്പോൾ സഹോദരന് എന്ത് ബോധ്യപ്പെട്ടു?
**उत्तर**: कि वे अपने देश पहुँच गए हैं। (തങ്ങൾ സ്വന്തം നാട്ടിൽ എത്തിയെന്ന്.)

12. **घर पहुँचने पर बच्चों ने सबसे पहले क्या देखा**? വീട്ടിലെത്തിയപ്പോൾ കുട്ടികൾ ആദ്യം കണ്ടത് എന്താണ്?
**उत्तर**: सनोबर का पेड़ और उस पर चमकता तारा। (സനോബർ മരവും അതിനു മുകളിൽ തിളങ്ങുന്ന നക്ഷത്രവും.)

13. **घर के अंदर माता-पिता किस अवस्था में थे**? വീടിനുള്ളിൽ മാതാപിതാക്കൾ ഏത് അവസ്ഥയിലായിരുന്നു?
**उत्तर**: वे बहुत बूढ़े और दुखी थे। (അവർ വല്ലാതെ വൃദ്ധരും ദുഃഖിതരുമായിരുന്നു.)

14. **बच्चों को वापस पाकर माता-पिता को कैसा लगा**? കുട്ടികളെ തിരികെ കിട്ടിയപ്പോൾ മാതാപിതാക്കൾക്ക് എന്ത് തോന്നി?
**उत्तर**: उनकी आँखों में खुशी के आँसू आ गए। (അവരുടെ കണ്ണുകളിൽ സന്തോഷാശ്രുക്കൾ നിറഞ്ഞു.)

15. **यह कहानी किस बारे में संदेश देती है**? ഈ കഥ എന്തിനെക്കുറിച്ചുള്ള സന്ദേശമാണ് നൽകുന്നത്?
**उत्तर**: अपने देश, घर और भाषा के प्रति प्रेम। (സ്വന്തം നാടിനോടും വീടിനോടും ഭാഷയോടുമുള്ള സ്നേഹം.)

16. **प्रश्न: भाई और बहन अपने घर पहुँचते हैं और अपने माता-पिता से मिलते हैं। इस दृश्य के लिए एक पटकथा तैयार कीजिए।**

**दृश्य** : एक
**स्थान** : फिनलैंड के एक घर का आँगन
**समय** : रात 9 बजे
**पात्र और वेश-भूषा**: भाई: 14 साल का लड़का। पैंट और बनियान पहन रखी थी।
बहन: 12 साल की लड़की । एक फ्रॉक पहनी हुई थी।
माता : साड़ी पहनी हुई थी।
पिता : पजामा और कुर्ता पहना हुआ था।

**दृश्य का विवरण** : ठंडी हवा चल रही है। आँगन में सनोबर का पेड़ खड़ा है और उसकी शाखाओं के बीच एक तारा चमक रहा है। भाई-बहन वहाँ पहुँचते हैं।

**बहन**: देखो, वही पेड़ और वही चमकता तारा! हम पहुँच गए!
**भाई**: हाँ! यह हमारा ही घर है। देखो, इसी आँगन में हम खेलते थे।
**बहन**: भाई, क्या हम अंदर जाएँ? मुझे डर लग रहा है।
**भाई**: डरो मत, यह हमारा घर है।
**पिता**: कौन है इस वक्त? यहाँ अब कुछ नहीं बचा।
**भाई**: पिताजी! मैं आपका बेटा हूँ और यह आपकी बेटी।
**पिता**: क्या सचमुच मेरे बच्चे लौट आए? भगवान का शुक्र है!

17. **प्रश्न: वर्षों के संघर्ष के बाद घर पहुँचने पर भाई के मन के भावों को व्यक्त करते हुए एक डायरी लिखिए।**

10 अप्रैल 2026,
शुक्रवार
आज मैं बहुत खुश हूँ। शब्द कम पड़ रहे हैं अपनी खुशी जाहिर करने के लिए। दस साल का लंबा इंतज़ार आज खत्म हुआ। जब हम घर से बिछड़े थे, तब मैं सिर्फ आठ साल का था। आज जब मैंने अपने आँगन के उस सनोबर के पेड़ को छुआ, तो ऐसा लगा जैसे पुरानी सारी यादें ताज़ा हो गईं। माँ और पिताजी बहुत बूढ़े हो गए हैं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि हम ज़िंदा हैं। युद्ध ने हमसे बहुत कुछ छीना, लेकिन हमारा हौसला और वतन के प्रति प्यार हमें खींच लाया। अब हम कभी अपने माता-पिता को छोड़कर नहीं जाएंगे।

18. **प्रश्न: घर लौटने के निर्णय को लेकर भाई और बहन के बीच होने वाली बातचीत का एक संवाद तैयार कीजिए।**

**बहन**: भाई, क्या हमें घर जाना चाहिए? यहाँ सब कुछ बहुत अच्छा है।
**भाई**: बहन, यहाँ सुख है पर यह अपना घर नहीं है। क्या तुम्हें माँ की याद नहीं आती?
**बहन**: याद आती है, पर रास्ता बहुत लंबा है। मुझे डर लगता है।
**भाई**: डरो मत! पक्षी हमें रास्ता दिखाएंगे। मुझे अपना पेड़ और तारा याद है।
**बहन**: क्या माँ और पिताजी हमारा इंतज़ार कर रहे होंगे?
**भाई**: हाँ! अपनी भाषा और अपनी मिट्टी की बात ही अलग है। हम कल निकलेंगे।
**बहन**: ठीक है भाई, अब मैं नहीं डरूँगी। हम अपने घर जरूर पहुँचेंगे।
**भाई**: शाबाश! अब सो जाओ, कल हमें बहुत दूर चलना है।

19. **प्रश्न: 'युद्ध के दुष्परिणाम' विषय पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में देने के लिए एक भाषण तैयार कीजिए।**

आदरणीय अध्यापक और मेरे प्रिय साथियों,

आज मैं युद्ध के भयानक परिणामों के बारे में कुछ कहना चाहता हूँ। 'घर, पेड़ और तारे की याद' कहानी हमें सिखाती है कि युद्ध केवल दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह मासूम जिंदगियों की बर्बादी है। युद्ध के कारण हज़ारों बच्चे अनाथ हो जाते हैं और अपने वतन से दूर शरणार्थी बन जाते हैं। अपनी भाषा और परिवार से दूर रहना सबसे बड़ा दुख है। शांति ही प्रगति का एकमात्र मार्ग है। आइए हम सब मिलकर एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहाँ युद्ध न हो और कोई बच्चा अपने घर से न बिछड़े। धन्यवाद।

1. **प्रश्न: शांति का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार कीजिए।**

## युद्ध को रोकें, शांति फैलाएं!

**युद्ध विनाश है, शांति विकास है।**



**निर्दोष बच्चों का बचपन न छीनें। प्रेम और भाईचारा ही जीवन है।**

**शांति अभियान, केरल।**

2. **भाई का चरित्र-चित्रण**

हिंदी साहित्य के मुख्य कहानीकार श्री मंगलेश डबराल की रचना 'घर, पेड़ और तारे की याद' का मुख्य पात्र भाई है। वह बहुत ही बहादुर और समझदार लड़का है। वह अपनी छोटी बहन का बहुत ख्याल रखता है और मुश्किल समय में उसकी हिम्मत बढ़ाता है। भाई का इरादा पक्का है, इसलिए वह कठिन रास्तों से नहीं डरता। उसे बचपन की बातें (पेड़, पक्षी और तारा) अच्छी तरह याद हैं, जिसकी मदद से वह अपना पुराना घर ढूँढ लेता है।

3. **बहन का चरित्र-चित्रण**

हिंदी साहित्य के मुख्य कहानीकार श्री मंगलेश डबराल की रचना 'घर, पेड़ और तारे की याद' की अन्य पात्र बहन है। वह एक बहुत ही सरल और भावुक (इमोशनल) लड़की है। वह अपने माता-पिता और घर को बहुत याद करती है। वह अपने भाई पर पूरा भरोसा करती है और उसके साथ हर जगह जाने को तैयार रहती है। वह स्वभाव से मासूम है और अंत में अपने परिवार से मिलकर बहुत खुश होती है।